Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 16-08-2005

Participants : Mahato Shri Sunil Kumar

Title : Need to restart Tata-Katihar link railway service and introduce a new super fast train between Tata Nagar and Patna.

श्री सुनिल कुमार महतो (जमशेदपुर) : महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर में रहने वाले लोगों को हो रही असुविधाओं एवं कठिनाइयों की तरफ दिलाना चाहता हूं। टाटा कटिहार लिंक एक्सप्रेस 1995 से चल रही है, जिसमें पूर्व उत्तर बिहार के लोगों एवं बिहार के उत्तर पूर्व क्षेत्र में यात्रा करने वालों को इस रेल सेवा से बहुत ही सुविधा थी क्योंकि टाटा से उत्तर पूर्व बिहार के बीच यही एकमात्र रेल सेवा थी। परन्तु, अभी इसको बंद कर दिया है, जिसके कारण टाटा में और आसपास के जिलों में रहने वाले उत्तर पूर्व बिहार के लोगों को बहुत ही असुविधा हो रही है। दूसरी समस्या दक्षिण बिहार एक्सप्रेस पटना से टाटा के बीच चलती है, जिसे बढ़ा दिया है, जिसके कारण टाटा शहर के लोगों को पटना में आने जाने में बहुत ही दिक्कत होती है क्योंकि इस गाड़ी में टाटा शहर के लोगों को आरक्षण नहीं मिल पाता है और इस गाड़ी में बहुत ही भीड़ रहती है। अगर पटना से टाटा के बीच एक और रेलगाड़ी चलायी जाये तो बेहतर होगा।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि टाटा कटिहार लिंक रेल सेवा को पुनः चलाया जाये एवं टाटा नगर और पटना के बीच एक नयी सुपरफास्ट रेल सेवा चलायी जाये, जिससे बिहार और झारखंड के लोगों के बीच आने जाने वालों को कोई असुविधा न हो।